इंडिया फाउंडेशन फॉर द आर्ट्स (आयएफए)

उन की आर्ट्स प्रोग्रॅम की अधीन

कला प्रकार (**Arts Platforms**)

परियोजना के लिए आवेदन मंगा रही है

आवेदन सालभर भेजे जा सकते है|

आर्ट्स प्रॅक्टिस योजना के अंतर्गत ऐसी परियोजनाएं बनाई गई है की जिस की तहत, कलाकार उन की कलानिर्मिती नई दिशा में ले जा सकेंगे| प्रायोगिकता का मूलतत्व कायम रख के, यहाँ प्रस्थापित परंपराओं को चुनौती दी जा सकती है| विषयों की, प्रारूपों की और माध्यमों की कक्षाओं को फैलाया जा सकता है| अवकाश, दर्शक और समाज को बांधें रखने के नए रास्तें ढूंढें जा सकते है|

कला प्रकार (**Arts Platforms**):

कभी कभी कल्पनाओं की आदानप्रदान के लिए, अभिव्यक्ति के नए मार्गों के लिए या उनकी कलासाधना को निरंतर रखने की वजहसे सबंध वृधिंगत करने के लिए कलाकार एकसाथ आना चाहते है| ये एकसाथ जुड़ने की मनीषा, उन के खुद के कलाप्रकार के बाहर की कल्पना को विकसित करने की चाहसे, लंबे समयसे अपने कलाप्रकार में अकेले काम करनेसे मुक्ति पाने के लिए या कोई राजकीय-सामजिक परिस्थिती को कला के माध्यमसे संबोधित करने के तकाजे की वजहसे हो सकती है|

आर्ट्स प्रॅक्टिस कार्यक्रम के अंतर्गत की **कला प्रकार** परियोजना के लिए, हम आवेदन मंगा रहें हैं| ये प्रस्ताव आपसी संबंधों को बढ़ावा देने के लिए, जो एक कलाप्रकार के कलाकारों को या अलगअलग कलाप्रकारों के कलाकारों को एकसाथ जुड़ने के लिए, रचनात्मकता और निरंतरता कायम रखने के लिए जगह बनाने के लिए होने चाहिए|

परियोजना का कालखंड: १२ महीनोंतक

अर्थसहाय्य (**Budget**): ज्यादा से ज्यादा रुपये ३,००,०००/- (आप मानदेय का अनुरोध कर सकते हैं लेकिन मानदेय प्रस्तावित बजट के 30% से अधिक नहीं हो सकता।)

आवेदन सालभर भेजे जा सकते है|

आवेदन कौन भेज सकता है?

इस परियोजना के अंतर्गत प्रस्ताव कोई भी क्षेत्र या एक से अधिक क्षेत्र में कार्यरत कलाकार भेज सकेंगे| इन में निम्नलिखित लोगोंका समावेश हो सकता हैं:

- संगीत, ध्वनी, लेखन, नृत्य, आंदोलन, नाट्य, कठपुतलियों का खेल करनेवाले, कथाकार, जादूगर, सर्कस और अन्य कलाक्षेत्रों के कलाकार
- चलचित्र (वृत्तचित्र और कथापर आधारित), ॲनिमेशन, छायाचित्रकार, प्रदर्शनकार, नवमाध्यम में काम करनेवाले, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (Artificial Intelligence), यांत्रिकनिर्मिती (robotics), संवादात्मक कलाप्रकार, खेल, चित्रकला, शिल्पकला, printmaking, कॉमिक्स और अन्य दृश्यकला क्षेत्र के कलाकार|
- संग्राहक (Curators), खास तौर पर जो संग्रहालय छोड़ के अन्यत्र कार्यरत होनेवाले|
- साहित्य से जुड़े हुए कवि, उपन्यासकार, नाटककार
- अलगअलग कलाक्षेत्रों में एक साथ काम करनेवाले कलाकार

पात्रता

प्रस्ताव भेजने के लिए आप का भारतीय नागरिक होना जरुरी है| आप के प्रस्तावित सहकारी भी भारतीय नागरिक होना अनिवार्य हैं| ज्यादा जानकारी के लिए, यहाँ क्लिक किजिये|

प्रस्ताव भेजने का तरीका

आप अपना प्रस्ताव किसी भी भारतीय भाषा में या अंग्रेजी में लिख सकते हैं| आयएफए अंग्रेजी के सिवा अन्य भाषाओं में लिखे गए प्रस्तावों को हमेशा प्रोत्साहित करती हैं|

प्रस्ताव में निम्नलिखित मुद्दों का समावेश होना चाहिए:

- आप का अभी का कलाक्षेत्र, उस में कलाकार की तौर पे आप को आनेवाली समस्याएं और आप को उस में होनेवाली रूचि|
- आप जिस कला मंच का निर्माण करना चाहते हैं उसका विवरण, इसके पीछे के कारण और आपके भागीदारों, परियोजना में सहयोगियों और उस स्थान (नेटवर्क/स्थान) का विवरण जहां आप इसे बनाना चाहते हैं।
- आप की कल्पना की निर्मिती की समय सारिणी और खर्चे का विवरण|
- आप के, इस आवेदनसे संबंधित, भूतपूर्व कार्य का विवरण|
- आपका बायोडाटा, फोन नंबर और ईमेल आईडी

आप अपने सवाल और आप की कच्ची संकल्पनाएँ, लिखित स्वरूप में, ध्वनी स्वरूप में या चलचित्रीकरण कर के हमें भेज सकते हैं; जिनपर आयएफए का स्टाफ प्रतिक्रिया देगा| अंतिम प्रस्ताव लिखित स्वरुप में ही होने चाहिए|

आप अपना अंतिम आवेदन, 25 एमबी तक, एक ही ईमेल में जॉन जेवियर्स, प्रोग्राम ऑफिसर, आर्ट्स प्रैक्टिस को john@indiaifa.org पर भेज सकते हैं। इस ईमेल की विषय पंक्ति होगी: Project Proposal for Arts Platforms (Arts Practice). प्रश्नों या स्पष्टीकरण के लिए, आप इसी ईमेल पर संपर्क कर सकते हैं।

सभी चयनित परियोजनाएं आईएफए द्वारा क्रियान्वित की जाएंगी।

कृपया ध्यान दें कि आईएफए एक सुरक्षित वातावरण बनाने के लिए प्रतिबद्ध है जो बच्चों सहित सभी का समर्थन, सम्मान और सुरक्षा करता है। प्रत्येक आवेदक को इसे ध्यान में रखना चाहिए और हमेशा इस अवधारणा का पालन करना चाहिए।